संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी, (आयुष) छत्तीसगढ़

ब्लॉक–1, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर 492002
फोन नं. (0771) 2221640, फैक्स – 2221641, ईमेल – cgayush@gmail.com

क्रमांक/1/स्था./महा./प्रवेश/2023–24/4136 नवा रायपुर,दिनांक 01-11-2023

बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रमों में सत्र 2023–24 में राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु स्ट्रे राउण्ड काउंसिलिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन सूचना

शैक्षणिक सत्र 2023–24 में छत्तीसगढ़ राज्य के बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु स्ट्रे वेकेंसी राउण्ड काउंसिलिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन दिनांक 02.11.2023 से 05.11.2023 रात्रि 11:59 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

छत्तीसगढ़ आयुष स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम, 2023 की कंडिका 5. के तहत आयुष पाठ्यक्रमों के समस्त रिक्त सीटों को अनारक्षित श्रेणी में परिवर्तित किया गया है।

अतः बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा NEET (UG) 2023 में 50 पर्सेन्टाईल एवं उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान में सम्मिलित रूप से 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी विषय सहित) उत्तीर्ण, पात्र एवं इच्छुक **छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी तथा अन्य राज्य के अभ्यर्थी** ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान में सम्मिलित रूप से 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी विषय सहित) उत्तीर्ण, पात्र एवं इच्छुक **छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी तथा अन्य राज्य के अभ्यर्थी** ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

बी.ए.एम.एस. एवं बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु एक पंजीयन कराना होगा तथा बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पृथक से पंजीयन कराना होगा।

ऑनलाईन पंजीयन करने के पूर्व **"छत्तीसगढ़ आयुष स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम, 2023" एवं सूचना पत्र (Information Bulletin)** का पूर्णतः अध्ययन कर ही ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ करें, जो **वेबसाईट** https://cgayush.admissions.nic.in में उपलब्ध है।

वे अभ्यर्थी जो पूर्व में आवेदन कर चुके हैं तथा आयुष स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लिये हैं, उन्हे स्ट्रे वेकेंसी राउण्ड की काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु नवीन पंजीयन करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन काउंसिलिंग पोर्टल में लॉगिन कर विकल्प चयन करना अनिवार्य होगा। प्रथम, द्वितीय अथवा मॉप–अप राउण्ड में प्रवेशित अभ्यर्थी स्ट्रे वेकेंसी राउण्ड हेतु अपात्र होंगे।

रिक्त सीटों का विवरण निम्नानुसार है :–

क.	महाविद्यालय का नाम	रिक्त सीटों की संख्या
1	राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, चन्दखुरी, दुर्ग	6
2	छत्तीसगढ़ आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, मनकी, राजनांदगांव	6
3	भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्साल, पुलगांव चौक, दुर्ग	7
4	महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साईंस, ग्राम–सुन्दरा, राजनांदगांव	3
5	रायपुर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, रामकुंड रायपुर	21
6	श्री महावीर प्राकृतिक एवं योग विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय, नगपुरा, दुर्ग	20
	योग	63

1/11/23

संयुक्त संचालक
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा,यूनानी,
सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़

E:\Stha.\College\UG Counselling 2023-24\Letter\ 53